हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार 27 फरवरी 2026

13 पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने की मांग, रिटायर्ड...



14 खेल जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास व नेतृत्व...



## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

नारनौल। पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में तीसरे आरोपित को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान राकेश वासी कोटकासिम खैरथल के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को गुरुग्राम क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। जिसे न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। इस मामले में एक रिटायर्ड आर्मी कैप्टन संजय कुमार से निवेश व प्रॉपर्टी के नाम पर लगभग 6.5 करोड़ रुपये ठगे गए थे। पुलिस दो आरोपित मीरसिंह व आशुतोष निवासी सेहलंग हाल आबाद कुराहवटा रोड महेंद्रगढ़ को पहले गिरफ्तार किया था।

### जन परिवेदना समिति की बैठक कल

**नारनौल।** उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि सहकारिता मंत्री अरविंद कुमार शर्मा 28 फरवरी को सुबह 11 बजे लघु सचिवालय के नजदीक सभागार में जिला लोक संपर्क एवं जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक लेंगे। इसमें पहले से निर्धारित मामले सुनवाई के लिए रखे जाएंगे। जिनका संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर से समाधान किया जाएगा।

### होली मिलन समारोह एक मार्च को

**महेंद्रगढ़।** प्रेस क्लब की ओर से एक मार्च को होली मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। इस दौरान फूलों की होली खेली जाएगी। प्रेस क्लब सरंक्षक मोहनलाल अग्रवाल ने बताया कि यह समारोह स्थानीय राजा मैरिज पैलेस में सुबह सवा दस बजे आयोजित होगा। समारोह में शहर के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा पत्रकार जगत की प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति रहेगी।

### बाबा गैबीराम का मेला और खेलकूद 4 को

**मंडी अटेली।** बाबा गैबीराम का मेला गुवानी में चार मार्च धुलंडी के दिन भरेगा। इस मेले में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं होंगी। इस मेले में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव वविशिष्ट अतिथि जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार रहेंगे। जानकारी देते हुए सरपंच प्रतिनिधि दिनेश यादव एवं मेला कमेटी ने बताया कि मेले में कुश्तियां 51 रुपये से लेकर 71 हजार तक करवाई जाएंगी।

## 15.83 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होगी विशेष परियोजना

# प्यास बुझाएगी नहरी योजना : गुलावला खेड़की तक पाइपलाइन से पहुंचेगा पानी

**दोहान नदी में छोड़ा जाएगा अतिरिक्त नहरी जल**

राजकुमार ▶▶ नारनौल

क्षेत्र में हर साल पड़ने वाली भीषण गर्मी के दौरान जहां एक ओर नदी-नाले सूख जाते हैं, वहीं जंगलों में घूमने वाले जीव-जंतु और ग्रामीण क्षेत्रों के मवेशी पानी के लिए भटकते नजर आते हैं। दूसरी तरफ किसानों को भी सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता। इन समस्याओं के स्थायी समाधान की दिशा में नहर एवं सिंचाई विभाग ने एक अहम कदम उठाया है। विभाग ने गुलावला की दोहान नदी क्षेत्र के लिए एक विशेष योजना तैयार की है, जिसके तहत नहरों के अतिरिक्त (फालतू) पानी को पाइपलाइन के माध्यम से दोहान नदी में छोड़ा जाएगा। इस महत्वाकांक्षी योजना पर लगभग 15.83 करोड़ रुपये की लागत आएगी। परियोजना के पूरा होने के बाद गुलावला तथा खेड़की तक दोहान नदी में नहरी पानी पहुंचाया जा सकेगा, जिससे क्षेत्र की जल समस्या में उल्लेखनीय सुधार की उम्मीद है।

बता दें कि इस योजना के तहत कार्य की शुरुआत नहरी पंप हाउस एनबी-6 के पास बनी होदी से की जाएगी। इसी स्थान से पाइपलाइन जोड़ी जाएगी, जिसके जरिए अतिरिक्त नहरी पानी को आगे भेजा जाएगा। यहां से पाइपलाइन निवाजनगर तक बिछाई जाएगी। निवाजनगर में भी एक नई होदी का निर्माण किया जाएगा, ताकि पानी का संग्रहण और नियंत्रित प्रवाह सुनिश्चित किया जा सके। निवाजनगर से आगे यह पाइपलाइन सीधे गुलावला क्षेत्र में दोहान नदी तक पहुंचेगी। वहां नहरी पानी को नदी में छोड़ा जाएगा। इस प्रकार सूखी पड़ी नदी में दोबारा जल प्रवाह संभव हो सकेगा, जो पर्यावरण और ग्रामीण जीवन दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा।



नारनौल। नहर में चलता पानी। फोटो : हरिभूमि

### भूजल रिचार्ज में मिलेगी मजबूती

विशेषज्ञों के अनुसार, सूखी नदियों में नियंत्रित रूप से पानी छोड़े जाने से प्राकृतिक जल संरक्षण को बढ़ावा मिलता है। जब नदी में पानी बहता है, तो उसका एक बड़ा हिस्सा जमीन में रिसकर नीचे चला जाता है। यही प्रक्रिया भूजल रिचार्ज कहलाती है। गुलावला क्षेत्र में यह योजना भूजल पुनर्भरण का एक प्रभावी माध्यम बन सकती है।

### कई गांवों को मिलेगा सीधा लाभ

इस परियोजना से क्षेत्र के अनेक गांवों को लाभ मिलने की संभावना है। इनमें लहरोदा, निवाजनगर, आजमनगर सिहार, गुलावला, खेड़की, पल, पाल, बैरावास, निहालावास, कूकसी तथा डेरोली अहीर सहित अन्य गांव शामिल हैं। इन गांवों के आसपास भूजल स्तर में सुधार होने से पेयजल और सिंचाई जल की उपलब्धता बेहतर होगी। साथ ही नदी में पानी आने से पर्यावरणीय संतुलन भी मजबूत होगा और क्षेत्र में हरियाली बढ़ने की उम्मीद है।

### जंगली जीव-जंतुओं और मवेशियों को मिलेगी राहत

गर्मी के मौसम में जंगलों और नदी-नालों के सूख जाने से जंगली जीव-जंतुओं को पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ता है। कई बार वे पानी की तलाश में गांवों की ओर रुख कर लेते हैं, जिससे मानव-वन्यजीव टकराव की स्थिति भी बन जाती है। इस योजना के लागू होने से दोहान नदी में जल उपलब्ध रहेगा, जिससे जंगल क्षेत्र में रहने वाले जीव-जंतुओं को प्राकृतिक रूप से पानी मिल सकेगा। साथ ही गांवों में चरने वाले मवेशियों को भी नदी से पानी उपलब्ध होगा। इससे पशुपालकों को भी बड़ी राहत मिलेगी।

### टेंडर प्रक्रिया शुरू, जल्द होगा कार्य आरंभ

नहर एवं सिंचाई विभाग के एसडीओ राजेश वर्मा ने बताया कि इस कार्य के लिए टेंडर कॉल कर दिया गया है। नियमानुसार सभी प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद टेंडर अलॉट किया जाएगा। इसके पश्चात निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार पाइपलाइन बिछाने और होदियों के निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह योजना क्षेत्र के लिए काफी लाभकारी सिद्ध होगी और इससे गर्मी के मौसम में पानी की समस्या में उल्लेखनीय कमी आएगी। विभाग का प्रयास है कि कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए, ताकि आगामी गर्मी से पहले इसका लाभ मिलना शुरू हो सके।

**धोखाधड़ी और वित्तीय ठगी का मामला**

# आईटीआई इंस्ट्रक्टर से 3.78 करोड़ की ठगी

**रिटायर्ड ग्रुप अनुदेशक सहित बैंक मैनेजरों पर केस दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

शहर में धोखाधड़ी और वित्तीय ठगी का एक बेहद सनसनीखेज मामला सामने आया है। राजकीय आईटीआई में कार्यरत एक महिला इंस्ट्रक्टर को प्रोपर्टी और फैक्ट्री लगवाने का झांसा देकर आरोपितों ने करीब 3 करोड़ 78 लाख रुपये की चपत लगा दी। शहर थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर रिटायर्ड कर्मचारी, उसके बेटे, बैंक मैनेजरों और अन्य साथियों पर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।

### प्रॉपर्टी व लोन का झांसा

डिफेंस कॉलोनी निवासी पीड़िता सुनीता देवी ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2022-23 में उनके संस्थान में कार्यरत ग्रुप अनुदेशक मीर सिंह ने अपने बेटे आशुतोष और मित्र के साथ मिलकर उन्हें विश्वास में लिया। आरोपियों ने झांसा दिया कि वे उन्हें अच्छी जमीन दिलवाकर उस पर एमएसएमई के तहत भारी-भरकम लोन पास करवाएंगे और फैक्ट्री लगवाकर देंगे।

### 48 लाख का लोन और रिश्तेदारों से ली रकम


शिकायतकर्ता सुनीता के अनुसार आरोपितों ने धोखाधड़ी से उनके दस्तावेज लिए और चार अलग-अलग बैंकों से करीब 48 लाख रुपये का लोन उनके खाते में डलवाया। इसके बाद अन्य सहकर्मियों के नाम पर भी लोन लेकर राशि सुनीता के खाते में ट्रांसफर करवाई गई। मीर सिंह ने कथित 'एंजेल इंडस्ट्रीज' और अन्य खातों में यह पैसा ट्रांसफर करवा लिया। पीड़िता ने बताया कि उन्होंने अपने रिश्तेदारों और जानकारों से पकड़ कर कुल 3.78 करोड़ रुपये आरोपितों के बताए खातों में जमा किए, जिसका पूरा हिसाब मीर सिंह ने स्वयं डायरी में दर्ज किया हुआ है।

### बैंक अधिकारियों की मिलीभगत का आरोप

*शिकायत में गंभीर आरोप लगाया गया है कि चार निजी बैंकों के मैनेजरों ने आरोपित अनिल कुमार के साथ मिलकर नियमों को ताक पर रखकर लोन जारी किए। अब पैसे वापस मांगने पर आरोपिता को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। शहर थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मीर सिंह, आशुतोष, राकेश, भारती, अनिल और संबंधित बैंक मैनेजरों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर गहनता से जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार मामले की गहन जांच के लिए इसे आर्थिक अपराध शाखा नारनौल को सौंप दिया गया है।*

## नपा ने जारी की 39 डिफाल्टरों की सूची

**कनीना।** नगर पालिका ने उन लोगों की सूची सार्वजनिक कर चस्पा की है, जिनकी ओर एक लाख से अधिक का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। चस्पा की गई पहली सूची में 39 व्यक्तियों को डिफाल्टर माना है। जिसकी ओर करीब करोड़ रुपये का संपत्ति कर लंबित है। नगर पालिका के प्रॉपर्टी टैक्स सहित दुकानों का किराया भी लंबित होने से मोटी रकम अटकी पड़ी है। जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। नगर पालिका के सचिव कपिल कुमार ने बताया कि संपत्ति कर अदा करवाने के लिए बकायेदारों को नोटिस जारी किए गए हैं। नोटिस की समय अवधि तक संपति कर अदा नहीं किया, तो सीलिंग की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



कनीना। नपा की ओर से कार्यालय में चस्पा की गई डिफाल्टरों की सूची।

## सड़क हादसे में बुजुर्ग महिला की मौत

**महेंद्रगढ़।** सड़क हादसे में 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। यह हादसा बाइक के सामने अचानक कुत्ता आ जाने के कारण हुआ। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराने की तैयारी कर रही है। मृतक महिला की पहचान सावित्री देवी के रूप में हुई है, जो गांव माजरा खुर्द की निवासी थी। दिनेश नामक व्यक्ति ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उसकी मां सावित्री देवी वीरवार को मलौढी से लौट रही थी। उसके दोस्त गांव माजरा खुर्द निवासी प्रदीप अगिहार उनकी मां को बाइक पर बैठाकर ला रहे थे। जब बाइक गांव जोनावास के पेट्रोल पंप के पास पहुंची तो अचानक सामने एक कुत्ता आ गया। अचानक कुत्ते के सामने आने से बाइक का बैलेंस बिगड़ गया। इस हादसे में प्रदीप सड़क के नीचे गिर गया, जबकि सावित्री देवी सड़क पर गिरीं और उन्हें गंभीर चोटें आईं। चोटों के कारण सावित्री देवी की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि उन्हें किसी पर कोई शक नहीं है और वे शव का पोस्टमार्टम करवाना चाहते हैं। सावित्री देवी पांच बच्चों की मां थी, जिनमें चार लड़कियां और एक लड़का शामिल हैं। सभी बच्चे शादीशुदा हैं।

# रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार घायल, विरोध में महावीर चौक पर जाम


**मौके पर अफरा-तफरी मची, घायल को अस्पताल में भर्ती कराया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

महावीर चौक पर हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। जबकि घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ ही देर में लोगों की भीड़ जमा हो गई। घायल युवक की पहचान गांव जैलाफ के कर्मवीर के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार कर्मवीर पार्क गली से कपड़े खरीदकर अपनी बाइक से वापस गांव लौट रहा था। तभी वह महावीर चौक पर रोडवेज बस की चपेट में आने से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने तुरंत उसके परिजनों और गांव के लोगों को सूचना दी, जिसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे।

घटना से आक्रोशित लोगों ने महावीर चौक पर जाम लगा दिया, जिससे शहर का मुख्य चौराहा करीब 30 मिनट तक बाधित रहा। जाम के कारण चौक पर चहुंओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई, जिससे जाम में वाहनों में फंसे लोगों एवं राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों का कहना था कि सूचना मिलने के आधे घंटे तक सहायता के लिए प्रशासन या पुलिस की ओर से कोई मौके पर नहीं पहुंचा। बाद में जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची, तब लोगों को समझाकर जाम खुलवाया।





नारनौल। महावीर चौक पर रोडवेज के नीचे फंसी बाइक व पुलिस के सामने आक्रोश व्यक्त करते लोग।

### मामले की हो रही जांच

*पुलिस ने घायल कर्मवीर को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और बस ड्राइवर से भी पूछताछ की जाएगी। घटना के कारण दोपहर के समय शहर में यातायात व्यवस्था प्रभावित रही और लोगों को काफी देर तक जाम में फंसे रहना पड़ा।*

## विकास मंच ने की महेंद्रगढ़-कनीना रेवाड़ी को फोरलेन बनाने की मांग

महेंद्रगढ़। जिला महेंद्रगढ़ विकास मंच ने उपायुक्त को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपकर महेंद्रगढ़-कनीना-रेवाड़ी रोड को फोरलेन बनाने की मांग की है। मंच के पदाधिकारियों ने बताया कि महेंद्रगढ़-कनीना-रेवाड़ी रोड दोनों जिलों की सबसे पुरानी सड़क है। ट्रैफिक अधिक होने से आवागमन में भारी दिक्कत होती है और हमेशा दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है, जिससे पैसे और समय दोनों की बर्बादी होती हैं। पांच विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरने वाली इस सड़क पर रोड़ी-बजरी के ओवरलोड ट्रॉले गुजरते हैं। पांचों विधानसभा से भाजपा विधायक होने के बावजूद भी इस सड़क की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा। ज्ञापन देने वालों में डॉ बीपी यादव, व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र बंटी, रामनिवास पाटोदा, अनाज मंडी आढ़ती रोहतास, मनोज कुमार एडवोकेट, संदीप शर्मा आदि शामिल थे। वर्तमान में विधानसभा सेशन भी चल रहा है। उन्होंने विधायक महेंद्रगढ़ कंवर सिंह, मंत्री आरती सिंह राव और दूसरे विधायकों से ये मुद्दा विधानसभा में जोर शोर से उठाने की अपील करते हुए कहा कि यही समय है, जब जनता की आवाज को मजबूती से सदन के पटल तक पहुंचाया जा सकता है।

# अटेली में रेलवे रोड पर जाम, लोगों को परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

अटेली कस्बे का रेलवे रोड इन दिनों अव्यवस्थित पार्किंग और लगातार लगने वाले जाम के कारण आमजन के लिए परेशानी का बड़ा कारण बना हुआ है। हालात ऐसे हैं कि इस मार्ग से पैदल गुजरने वाले राहगीरों को हर समय दुर्घटना का डर बना रहता है।

विशेषकर बुजुर्ग, महिलाएं और स्कूली बच्चे सबसे अधिक जोखिम में नजर आते हैं। अटेली मंडी क्षेत्र के अधिकतर मुख्य मार्गों पर दुकानदारों और वाहन चालकों द्वारा मनमाने ढंग से वाहन खड़े कर दिए जाते हैं। पुराना बस स्टैंड से लेकर रेलवे लाइन तक बाजार क्षेत्र में मोटरसाइकिल और अन्य वाहन जहां-तहां पार्क कर दिए जाते हैं, जिससे सड़क संकरी हो जाती है और जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। रेलवे रोड पर दो बड़े सरकारी बैंक, कोचिंग सेंटर है। बैंक और कोचिंग में आने वाले ग्राहक अपने वाहन सड़क किनारे या सीधे सड़क पर ही खड़े कर देते हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार छोटे-मोटे हादसे होते-होते बचे हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई स्थायी समाधान नजर नहीं आता। लोगों ने मांग की है कि रेलवे रोड पर नो-पार्किंग जोन घोषित कर सख्ती से नियम लागू किए जाएं।



मंडी अटेली। रेलवे रोड पर जाम में फंसे वाहन। फोटो : हरिभूमि

## होली पर्व पर मदार-रोहतक मदार रेलसेवा का संचालन

**नारनौल।** रेलवे की ओर से होली पर्व पर अतिरिक्त यात्री यातायात को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु मदार-रोहतक-मदार (प्रतिदिन) स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जाएगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाड़ी संख्या 09639 मदार-रोहतक (प्रतिदिन) स्पेशल रेलसेवा एक मार्च से 31 मार्च तक (31 ट्रिप) मदार से प्रतिदिन 04:30 बजे रवाना होकर 12:50 बजे रोहतक पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09640 रोहतक-मदार (प्रतिदिन) स्पेशल रेलसेवा एक मार्च से 31 मार्च तक (31 ट्रिप) रोहतक से प्रतिदिन 13:20 बजे रवाना होकर 22:35 बजे मदार पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में किशनगढ, नरेना, फुलेरा, रेनवाल, बधाल, रींगस, श्रीमाधोपुर, कावंट, भगेगा, नीम का थाना, मांवडा, डाबला, निजामपुर, नारनौल, अटेली, कुण्ड, रेवाड़ी, गोकलगढ, पाल्हावास, झज्जर व अस्थल बोहर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में सात साधारण व दो गार्ड डिब्बों सहित कुल नौ डिब्बें होंगे।

# हकेंवि में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव एवं राष्ट्रीय विज्ञान दिवस आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव स्पंदन-2026 व राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आगाज शुक्रवार से होने जा रहा है। आयोजन के पहले दिन नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजरी बोर्ड (एनएसएबी) के सदस्य, आंध्र प्रदेश सरकार के मानद सलाहकार कैबिनेट रैंक और डीआरडीओ के पूर्व चेयरमैन और रक्षा मंत्री के पूर्व साइंटिफिक सलाहकार प्रो. जी. सतीश रेड्डी मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। दो दिवसीय इन आयोजनों के समापन सत्र में महेन्द्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह मुख्य अतिथि के रूप कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे, जबकि आयोजन की अध्यक्षता विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार करेंगे। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि भारत की वैविध्यशाली संस्कृति का प्रदर्शन विश्वविद्यालय के परिसर में हर वर्ष विद्यार्थी करते हैं जो एक भारत, श्रेष्ठ भारत के विस्तार अमित उदाहरण है। दो दिवसीय अंतर-विश्वविद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम स्पंदन में म्यूजिक, डांस, फाइन आर्ट, कविता पाठ, वाद-विवाद, साहित्यिक कार्यक्रम, थियेटर के तहत वोकल म्यूजिक, ग्रुप डांस, लोकनृत्य, स्किट, माइम, पेंटिंग, कोलाज मेकिंग, रंगोली, महेंदी, फोटोग्राफी, पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस में वंडर्स ऑफ इनोवेशन, पेंटिंग, भाषण, प्रश्नोत्तरी, इनोवेटिव साइंस टीचिंग कॉन्टेस्ट व भारतीय ज्ञान प्रतियोगिता के साथ-साथ वाई-फाई पार्क पर विभागीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।

- **वार्षिकोत्सव की पूर्व संध्या पर हुआ विराट सांस्कृतिक शोभा-यात्रा का आयोजन**



महेंद्रगढ़। हकेंवि भवन। फोटो : हरिभूमि

**कर्मचारी चयन आयोग ने कांस्टेबल के 364 पद किए कम**

# दिल्ली पुलिस भर्ती 2025 : उम्मीदवारों को झटका 602 रिक्तियां कम, अब 8761 पदों पर होगी भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

कर्मचारी चयन आयोग ने दिल्ली पुलिस परीक्षा के माध्यम से भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या में बड़ा संशोधन किया है। दिल्ली पुलिस द्वारा रिक्तियों की स्थिति की समीक्षा के बाद विभिन्न श्रेणियों में कुल 602 पदों की कटौती की गई है। पहले जहां कुल 9363 पदों पर भर्ती होनी थी वहीं अब संशोधित संख्या घटकर 8761 रह गई है। इसमें सबसे अधिक असर कांस्टेबल एग्जीक्यूटिव के पदों पर पड़ा है। कर्मचारी चयन आयोग ने कांस्टेबल के 364 पद कम किए है। पहले पदों की कुल संख्या 7565 से घटाकर 7201 कर दी गई है।



उम्मीदवारों के लिए आवेदन प्रक्रिया 21 अक्टूबर तक चलेगी

दिल्ली पुलिस भर्ती : 7565 कांस्टेबल पदों पर बंपर भर्ती का ऐलान, इनमें 2496 महिला भी होंगी शामिल

नारनौल। 24 सितम्बर को प्रकाशित समाचार। फोटो : हरिभूमि

### पदों का तुलनात्मक विवरण

| पद का नाम | पुरानी रिक्ति | नई रिक्ति | कमी |
|---|---|---|---|
| दिल्ली पुलिस कांस्टेबल | 7565 | 7201 | 364 |
| दिल्ली पुलिस ड्राइवर | 737 | 660 | 77 |
| दिल्ली पुलिस एचसीएम | 509 | 457 | 52 |
| दिल्ली पुलिस एडब्लूओ/टीपीओ | 552 | 443 | 109 |
| कुल योग | 9363 | 8761 | 602 |

### पुरुष कांस्टेबल के 4825 पद

आयोग द्वारा जारी ताजा नोटिस के अनुसार कांस्टेबल एग्जीक्यूटिव पुरुष और महिला के पदों की कुल संख्या 7565 से घटाकर 7201 कर दी गई है। इसमें पुरुष कांस्टेबल के 4825 पद और महिला कांस्टेबल के 2376 पद शामिल है।

### श्रेणीवार पदों का बंटवारा (कांस्टेबल पद के लिए)

संशोधित वैकेंसी चार्ट के मुताबिक कांस्टेबल पद के लिए सामान्य श्रेणी में 2873, ओबीसी में 1590, एससी में 1386, ईडब्ल्यूएस में 720 और एसटी वर्ग के लिए 632 रिक्तियां निर्धारित की गई है। उम्मीदवार विस्तृत विवरण और श्रेणीवार ब्रेकअप देखने के लिए आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जा सकते है।

**खबर संक्षेप**

## खुशी गर्ग ने शतरंज में लहराया परचम



**नारनौल।** आईआईएमटी विश्वविद्यालय मेरठ के शारीरिक शिक्षा विभाग की ओर से 23 व 24 फरवरी को मेरठ में आयोजित नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी शतरंज प्रतियोगिता में शहर की बेटी खुशी गर्ग ने शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। खुशी गर्ग पुत्री डॉ. मनोज गर्ग ने इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर रेवाड़ी का अपनी टीम के साथ प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता के दौरान खुशी ने चार में से तीन मुकाबलों में जीत हासिल कर अपनी टीम को टॉप 15 में स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## यदुवंशी डिग्री कॉलेज में एनएसएस कैम्प आयोजित

**नारनौल।** यदुवंशी डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई को यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह व कप्तान जगराम आर्य ने हरी झंडी दिखाकर प्रस्थान कराया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिविर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास व सामाजिक जिम्मेदारी को समझने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों से अनुशासन, समर्पण और सेवा भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर रविन्द्र कुमार ने शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि शिविर के दौरान स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, स्वास्थ्य जागरूकता रैली, नशा मुक्ति अभियान व विभिन्न सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

## भायुमो के जिला अध्यक्ष की दादी का निधन

**मंडी अटेली।** भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष नरेंद्र सराय की दादी



भागवती देवी धर्मपत्नी स्वर्गीय दुलीचंद का वीरवार को 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया। भागवती देवी धार्मिक एवं सामाजिक विचारों वाली महिला थी। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़कर देवलोक को प्रस्थान कर गईं। उनका अंतिम संस्कार पूरे श्रद्धाभाव के साथ किया गया।

## लघु सचिवालय में दिया धरना, मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

# पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने की मांग, रिटायर्ड कर्मियों का प्रदर्शन

### पेंशन की कॉम्यूटेशन राशि 11 साल तक काटी जाए: संघ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। ज्ञापन सौंपते रिटायर्ड कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ एवं अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर फेडरेशन के आह्वान पर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा व रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला इकाई ने वीरवार को लघु सचिवालय में धरना दिया। जिसकी अध्यक्षता सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान कौशल यादव व रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला प्रधान घनश्याम शर्मा ने की। कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। रिटायर्ड कर्मचारी संघ की मांग थी कि वित्त विधेयक 2025 को खत्म किया जाए। नई पेंशन स्कीम को खत्म करके सभी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाल की जाए। आठवीं वेतन आयोग का लाभ 31.12.2025 से पहले रिटायर हुए सभी लोगों को प्रदान किया जाए। इस अवसर पर कौशल यादव व घनश्याम शर्मा ने कहा कि सभी राज्यों में महंगाई भत्ते की बढ़ोतरी केंद्रीय सरकारी पेंशनर्स के बराबर की जाए व कोरोना काल के 18 माह का बकाया महंगाई भत्ता ब्याज सहित भुगतान किया जाए। पेंशन की कॉम्यूटेशन राशि 11 साल तक काटी जाए। ट्रेन यात्रा, हवाई यात्रा, वोल्वो, एसी बसों व निजी सहकारिता बसों के किराये में रियायत बहाल की जाए। सभी राज्यों की ओर से देश के सभी पेंशनर्स को मेडिकल इंश्योरेंस देकर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाए, पब्लिक सेक्टर के संस्थानों के निजीकरण पर रोक लगाई जाए, नए खतरनाक लेबर कोड को खत्म किया जाए, नई शिक्षा नीति 2020 रद्द की जाए, टेट की अनिवार्यता समाप्त की जाए, पेंशन पर कोई आयकर नहीं लगाया जाए, किसानों को फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जाए। सभी संविदा कर्मचारियों को नियमित किया जाए, पीएफआरडी अधिनियम को निरस्त किया जाए, सभी चार श्रम संहिताओं को निरस्त किया जाए, आठवीं वेतन आयोग के संदर्भ शर्तों की समीक्षा की जाए, कर्मचारी एवं पेंशनों सहित सभी कच्चे, गेस्ट, अनुबंध कर्मचारियों के लिए भी सभी अस्पतालों में कैशलेस उपचार सुनिश्चित हो। ज्ञापन में मांग की कि चिराग योजना 2010 से पहले के शिक्षकों पर टेट की अनिवार्यता, राष्ट्रीय शिक्षा नीति को वापस लिया जाए, शिक्षा बजट दोगुना किया जाए, संविधान के अनुच्छेद को निरस्त किया जाए, जनसंख्या के अनुपात में पदसर्जित किए जाए, खाली पदों पर बेरोजगारों को नियम से नियमित रोजगार दिया जाए, राज्य सरकार केंद्र पर दबाव बनाए की केंद्र राज्य संबंधों को पुनर्भाषित किया जाए, संविधान में निहित धर्मनिरपेक्षता को बनाए रखा जाए तथा सभी प्रकार के सांप्रदायिकता के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर ओमप्रकाश वर्मा, कवंल सिंह, ताराचंद सैनी, मनोहर लाल निबल, रोशनलाल, सरदार महेंद्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, सर्व कर्मचारी संघ के राज्य सचिव महेंद्र बोयत, जिला सचिव राहुल सारवान आदि उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

## सिटी किड्स में स्थापना दिवस पर किया हवन



**नारनौल।** मोहल्ला नई सराय स्थित सिटी किड्स प्ले स्कूल का 17वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रांगण में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य यजमान के रूप में स्कूल प्राचार्य संतोष यादव रही। यज्ञ मुकेश कुमार शर्मा ने कराया। उन्होंने यज्ञ के बारे में प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें शुभ अवसरों पर हवन-यज्ञ अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यज्ञ करने से न केवल देवी-देवता प्रसन्न होते हैं, बल्कि इससे पर्यावरण भी शुद्ध होता है। प्राचीन समय में बड़े-बड़े यज्ञों का आयोजन किया जाता था। इस मौके पर मनीष यादव, योगेंद्र यादव, तरुणा सैनी, स्वाति यादव, मनीषा यादव, मुस्कान कपिल व प्रीति यादव सहित अनेक अभिभावक व बच्चे मौजूद रहे।

## करीरा की छात्रा मुस्कान ने पाया 5वां रैंक



**महेंद्रगढ़।** जीएल डिग्री कॉलेज की होनहार छात्रा मुस्कान पुत्री भंवर सिंह निवासी करीरा ने हाल ही में घोषित आईजीयू मीरपुर के बीकॉम पांच सेमेस्टर परीक्षा परिणाम में विश्वविद्यालय स्तर पर पांचवां रैंक प्राप्त कर कॉलेज, अभिभावक तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उल्लेखनीय है कि मुस्कान ने इससे पूर्व बीकॉम चतुर्थ सेमेस्टर में भी विश्वविद्यालय में चौथा रैंक प्राप्त किया था। उनकी यह निरंतर उत्कृष्ट उपलब्धि उनकी मेहनत, लगन और अनुशासन का परिणाम है। कॉलेज प्रशासन ने मुस्कान की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसे उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामना दी है। प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ ने कहा कि ऐसी मेधावी छात्राएं अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत है। कॉलेज स्टाफ को मुस्कान पर गर्व है और आशा है कि वह भविष्य में भी इसी प्रकार सफलता के नए आयाम स्थापित करेंगी। इसके अलावा और सभी बच्चों का भी परिणाम उत्कृष्ट रहा।



## जीएल महिला कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

**कनीना।** जीएल महिला कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि पीकेएसडी कॉलेज कनीना प्राचार्य डॉ. विनोद द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्राओं में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और अनुसंधान के प्रति रुचि विकसित करना था। प्राचार्या ने कहा कि विज्ञान केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह दैनिक जीवन से जुड़ा हुआ विषय है। छात्राओं को प्रयोगात्मक कार्यों के माध्यम से सीखने का अवसर मिलना चाहिए, जिससे उनकी रचनात्मक क्षमता का विकास हो सके। प्रदर्शनी में छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण, सौर ऊर्जा, जल संरक्षण, स्मार्ट सिटी मॉडल, रोबोटिक्स तथा स्वास्थ्य संबंधी परियोजनाओं को आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया। सौर ऊर्जा से संचालित घर और वर्षा जल संचयन प्रणाली विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। आगंतुकों ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना की और उनके मॉडलों की उपयोगिता की प्रशंसा की। निर्णायक मंडल द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रथम स्थान नवीनीकरणीय ऊर्जा मॉडल टीम अंजली, आरती, किरण द्वितीय स्थान हीमोडायलिसिस मॉडल टीम अनुपमा, आशा, राधा, आरती एवं तृतीय स्थान होलोग्राम मॉडल टीम सोनम व मनीषा को प्रदान किए गए।

## एआईटी ग्रुप में दो दिवसीय सालाना स्पोर्ट्स मीट आयोजित




**महेंद्रगढ़।** एआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में दो दिवसीय सालाना स्पोर्ट्स मीट की क्लोजिंग सेरेमनी हुई। क्लोजिंग सेरेमनी में विजेता को मेडल, ट्रॉफी और सर्टिफिकेट दिए गए। एआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन चेयरमैन एडवोकेट विनय कुमार यादव ने अपने संबोधन में स्टूडेंट्स को स्पोर्ट्स का महत्व एवं जिंदगी में स्पोर्ट्स की उपयोगिता की व्याख्या की। उन्होंने विद्यार्थियों स्टूडेंट्स को कॉलेज के कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा हिस्सा लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया, चाहे वह स्पोर्ट्स हो या कोई एकेडमिक उत्सव। चेयरमैन ने विजेता टीम के साथ-साथ रनर अप टीम को भी नकद राशि प्रदान की। चेयरमैन द्वारा बोर्ड परीक्षा में कॉलेज टॉपर छात्रों को भी पुरस्कार दिया गया। प्रिंसिपल डॉ. बिजेंद्र सिंह यादव ने इस इवेंट को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए स्टाफ मेंबर्स रामभगत, संजीत, नवनीत, विजयवीर, गौरव, प्रियंका, प्रीति यादव, मंजीत, संदीप, पवन, राकेश, कपिल, निशु, जतिन और बीर सिंह का धन्यवाद किया।



महेंद्रगढ़। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## हमिंग बर्ड ओलंपियाड में बीआर ज्ञानदीप विद्यालय का परचम

**महेंद्रगढ़।** बीआर ज्ञानदीप विद्यालय सुरजनवास के छात्रों ने एकबार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। प्रतिष्ठित हमिंग बर्ड एजुकेशन ओलंपियाड में विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर 55 पदक अर्जित किए, जिनमें 35 छात्रों ने गोल्ड मेडल तथा 12 छात्रों ने सिल्वर व आठ छात्रों ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाती है, जिसमें देशभर के हजारों विद्यालयों के विद्यार्थी भाग लेते हैं। हमिंग बर्ड ओलंपियाड बहु-स्तरीय पद्धति से संचालित होती है, जिसमें विद्यालय स्तर, क्षेत्रीय स्तर तथा राष्ट्रीय स्तर पर छात्रों की बौद्धिक क्षमता का मूल्यांकन किया जाता है। प्रश्नपत्र पूर्णतः वस्तुनिष्ठ आधारित होते हैं, जिनमें तार्किक चिंतन, विश्लेषणात्मक क्षमता तथा विषय की गहन समझ को परखा जाता है। विद्यालय के छात्रों ने विशेष रूप से गणित एवं विज्ञान विषय में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कठिन एवं उच्च स्तरीय प्रश्नों को सटीकता और आत्मविश्वास के साथ हल कर विद्यार्थियों ने सिद्ध कर दिया कि परिश्रम और उचित मार्गदर्शन से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। विद्यालय प्रबंधन ने इसे सामूहिक प्रयास की सफलता बताया। प्राचार्य रामबीर यादव ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने सभी विजेता छात्रों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामना दी।

## महेंद्रगढ़ शहर होगा पूरी तरह जगमग: विधायक

**महेंद्रगढ़।** विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए 148 बी महेंद्रगढ़ नारनौल रोड रिवासा से कैंची मोड़ तक 120 वोल्ट की स्ट्रीट लाइट लगाने के कार्य पर लगभग एक करोड़ 13 लाख 37 हजार 510 रुपये खर्च किए जाएंगे। यह कार्य संगोल इलेक्ट्रीक पावर लिमिटड को सौंपा गया हैं। विधायक महेंद्रगढ़ कंवर सिंह यादव ने कहा कि क्षेत्र में आधुनिक स्ट्रीट लाइट व्यवस्था से सड़कों पर रोशनी बढ़ेगी, जिससे आमजन की सुरक्षा मजबूत होगी और रात के समय आवागमन अधिक सुगम बनेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार का लक्ष्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को लगातार मजबूत करना है। विधायक ने कहा कि महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है और आने वाले समय में भी शहर के विकास के लिए ऐसे कार्य निरंतर किए जाएंगे। स्ट्रीट लाइटें लगने के बाद महेंद्रगढ़ शहर और अधिक जगमग होगा।

## जीनियस एकेडमी के हॉस्टल छात्राओं की हुई खेल प्रतियोगिता

**महेंद्रगढ़।** खेल स्टेडियम में जीनियस एकेडमी के हॉस्टल छात्राओं की खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें सभी छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में 1600 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, लंबी कूद व ऊंची कूद का आयोजन किया गया। सभी छात्राओं ने अपना पूरा दमखम दिखाया। 1600 मीटर दौड़ में रीना खैरोली प्रथम स्थान पर रही, मोनिका बेवल व सुमन निहालगढ़ क्रमशः दूसरे व तृतीय स्थान पर रही। 200 मीटर दौड़ में रीना, मोनिका व नीतेश पांचनौता ने क्रमशः पहला, दूसरा व तृतीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में क्रमशः रीना, मोनिका, लक्ष्मी झज्जर और दीप शिखा कारोली अव्वल रही और ऊंची कूद में मोनिका, दीप शिखा और रीना ने बाजी मारी। एकेडमी निदेशक अमित यादव ने सभी विजेता छात्राओं को इनाम के रूप में फल और ड्राई फ्रूट्स वितरित किए और उनकों लगातार मेहनत करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि सभी को अपने लक्ष्य के प्रति अडिग रहना चाहिए और उसे पाने के लिए अपना पूरा प्रयास करना चाहिए, तो आपको सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। इस अवसर पर कॉमर्स प्रवक्ता सुरेश यादव भी उपस्थित रहे और उन्होंने भी सभी छात्राओं को निरंतर मेहनत करते रहने को कहा। इस अवसर पर कोच विकास व सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।



महेंद्रगढ़। खेल प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि



नारनौल। स्वास्थ्य मंत्री के साथ विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## छात्राओं ने देखा लोकतंत्र का मंदिर

**नारनौल।** स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव व विधायक ओमप्रकाश यादव के मार्गदर्शन में राजकीय कॉलेज व राजकीय कॉलेज उन्हानी की छात्राओं ने हरियाणा विधानसभा का विशेष भ्रमण किया। इस दौरान छात्राओं ने विधानसभा की कार्रवाई को प्रत्यक्ष रूप से देखा और विधायी कामकाज की बारीकियों को समझा। स्वास्थ्य मंत्री व विधायक ने स्वयं छात्राओं का स्वागत किया और उन्हें सदन की गरिमा व कार्यप्रणाली के बारे में से जानकारी दी। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि विद्यार्थियों को राजनीति व लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की समझ होना अनिवार्य है, क्योंकि भविष्य में इन्हीं युवाओं को राजनीति में आकर जनसेवा की बागडोर संभालनी है। उन्होंने कहा कि ऐसे भ्रमण से विद्यार्थियों का दृष्टिकोण व्यापक होता है और उनमें समाज के प्रति जिम्मेदारी का भाव जागता है। विधायक ओमप्रकाश यादव ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में इस तरह के शैक्षणिक भ्रमणों का विशेष महत्व है। इससे न केवल उनके ज्ञान में वृद्धि होती है, बल्कि उन्हें देश की शासन व्यवस्था को करीब से देखने व सीखने का अवसर भी मिलता है।

# हमारी आत्मा की पहचान होती है संस्कृतिः डॉ. आनंद

- यदुवंशी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूसन में सूफी गायकी की बही बहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। साबरी ब्रदर्स कव्वाली प्रस्तुत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

छाप तिलक सब छीनी रे, मोसे नैना मिलाइके तथा मुझ में राम, तुझ में राम, सबमें राम सूफी गायकी के अंदाज में साने आलम साबरी ने गुरूवार को लोककला विरासत उत्सव के चौथे दिन अपनी मधुर आवाज के जादू से बार-बार उपस्थिति को झूमने व तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम जैसे-जैसे परवान पर चढ़ा साबरी ब्रदर्स ने गजल, सूफी गायन के साथ देश भक्ति को समर्पित जुगलबंदी से अपनी पहचान को कायम रखने में पूरी तरह सफलता प्राप्त की। स्मरण रहे की उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज व यदुवंशी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूसन के संयुक्त तत्वावधान में 23 फरवरी से आरंभ किए गए लोक कला उत्सव के चौथे दिन गीत-गजलों व सूफी गायकी से कार्यक्रम की गरिमा को चार चांद लगा दिए। इस दौरान हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के डीन स्टूडेंट वैलफेयर डॉ. आनन्द शर्मा मुख्यातिथि व अध्यक्षता मुंबई सीने जगत से आए योगेन्द्रनाथ ने की, जबकि नगर पालिका के ब्रांड अम्बेस्डर मुकेश मेहता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. आनंद शर्मा ने कहा कि संस्कृति हमारी आत्मा की पहचान होती है। इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय कव्वाल साने आलम साबरी व अन्य मेहमानों को यदुवंशी ग्रुप के वाईस चेयरमैन एडवोकेट करण सिंह यादव ने सम्मानित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता डॉ. धर्मेश कौशिक ने मनमोहक अंदाज में किया। कार्यक्रम के कॉर्डिनेटर सभी मेहमान, कलाकार का आभार प्रकट करते हुए उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, प्रयागराज के निदेशक सुदेश शर्मा का विशेष आभार जताते हुए कहा कि सात दिन के लोक कला उत्सव का मुख्य आकर्षण लुप्त हो रही लोककलाओं को जीवित रखने के साथ-साथ राष्ट्र की एकता व अखण्डता को मजबूती प्रदान करना है। लोककला विरासत के चौथे दिन हिन्दुस्तान के सबसे बड़े कलाकार साबरी ब्रदर्स और उनकी टीम ने सफी गायन दमादम मस्त कलंदर की बेजोड़ जुगलबंदी से छात्र-छात्राओं को अपने-अपने स्थानों पर खड़े होकर झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर राजेन्द्र पोपली, राजीव गुप्ता व शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### आज होगा हास्य नाटक फ्लर्ट का मंचन

प्रातः 11 बजे राष्ट्र स्तरीय हास्य नाटक फ्लर्ट का मंचन किया जाएगा। गगन मिश्रा के निर्देशन में उपरोक्त हास्य नाटक का मंचन किया जाएगा। बता दें कि इस नाटक की प्रस्तुति राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अनेक बार की जा चुकी है।

## पिकअप ने ट्रैक्टर ट्रॉली को मारी टक्कर

**महेंद्रगढ़।** सेहलंग रोड पर इंडियन गैस गोदाम के पास एक तेज रफ्तार पिकअप ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप सड़क से उतरकर पास की टाइल फैक्ट्री में जा घुसी। इस हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली के पीछे चल रहे दो बाइक सवार और ट्रैक्टर ड्राइवर बाल-बाल बचे। ट्रैक्टर ड्राइवर ने खेत में कूदकर अपनी जान बचाई। वहीं घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने पिकअप ड्राइवर को पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि ड्राइवर नशे की हालत में था।

**बोली सूचना**

रा. प्रा. पा. अटली मण्डी 15224 महेंद्रगढ के जर्जर भवन को हटवाने की खुली बोली वार मंगलवार 10.03.2026 समय सुबह 10.30 बजे स्कूल प्रांगण में लगाई जाएगी। नियम व शर्ते मौके पर बताई जाएगी। स्कूल की एसएमसी फैंसले का अंतिम निर्णय लेगी।

**SMC GPS Ateli Mandi 15224 M.Garh**

**NOTICE**

I, Nitin Pilania S/o Ramveer Singh R/o Sureti Pilania (22), Mahendragarh, Haryana-123024 declare That my correct name is Nitin Pilania. That I am presently residing at the above-mentioned address. That my name has been wrongly written as Nitin and my father's and mother's names have been wrongly written as Ramveer and Neelam in my 10th and 12th mark sheets. That my correct name is Nitin Pilania, and my father's and mother's correct names are Ramveer Singh and Neelam Devi. The same may kindly be amended accordingly.

# सरकार व उच्च अधिकारियों की लचर कार्यप्रणाली पर जताया रोष

- हेमसा ने अधीक्षक सुदेश शर्मा को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ ने वीरवार को मांग दिवस पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में लंबित मांगों पर चर्चा की तथा मांगों का ज्ञापन अधीक्षक सुदेश शर्मा को निदेशक सेकेंडरी स्कूल पंचकूला के नाम सौंपा।

मांग दिवस कार्यक्रम का नेतृत्व हेमसा प्रदेश सचिव अनिल कुमार यादव ने किया। लंबित मांगों पर हेमसा प्रदेश प्रेस प्रवक्ता सुजान मालड़ा ने कहा कि आज पूरे प्रदेश में हेमसा के आह्वान पर सभी जिला शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से डायरेक्टर सेकेंडरी स्कूल पंचकूला के नाम ज्ञापन सौंपते हुए फील्ड के लिपिकों ने गेट मीटिंग कर सरकार व उच्च अधिकारियों की लचर कार्यप्रणाली को लेकर रोष जताया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार फील्ड व निदेशालय स्तर के कर्मचारियों में भेदभावपूर्ण नीतियां लागू कर एक हांडी में दो पेट वाली कहावत कर रही है। जहां फील्ड के कर्मचारियों को पदोन्नति के लिए 31 वर्ष तक इंतजार करना पड़ता है। वही निदेशालय पंचकूला में कार्यरत लिपिक ज्वाइंट डायरेक्टर पद तक पहुंच जाता है।

इसके अलावा मिनिस्ट्रीयल स्टाफ के लिपिक से लेकर अधीक्षक तक के कर्मचारियों की वेतन विसंगतियां, पुरानी पेंशन, पुरानी एक्सग्रेसिया, दूर दराज क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों का स्थानांतरण सहित निदेशालय व सरकार स्तर की मांगें लंबित है। जिसमें 27 वर्षों तक बिना पदोन्नति के लिपिकों को एक अतिरिक्त वार्षिक वेतन वृद्धि देने का पत्र जारी किया था। अब उन आदेशों में वार्षिक वेतन वृद्धि में डीए नहीं दिए जाने तथा पदोन्नति मिलने पर पहले वाले वार्षिक वेतन वृद्धि को निरस्त करने का पत्र जारी किया है। जिससे फील्ड के कर्मचारियों में गहरा रोष है। अगर सरकार ने मिनिस्ट्रीयल स्टाफ की लंबित मांगों को समय रहते हुए पूरा नहीं किया और इस तुगलकी फरमान को वापस नहीं लिया तो प्रदेश स्तरीय बैठक बुलाकर आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।



नारनौल। अधीक्षक सुदेश शर्मा को ज्ञापन सौंपते हेमसा पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### हमेशा बातचीत से समाधान का पक्षधर रहा है हेमसा

हेमसा प्रदेश प्रेस प्रवक्ता ने सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों को लेकर उच्च अधिकारियों व सरकार को आड़े लेते हुए कहा कि उच्च अधिकारी हेमसा संगठन को वार्ता बैठक का पत्र जारी करने के बाद भी प्रतिनिधि मण्डल से बातचीत नहीं करता। हेमसा संगठन हमेशा बातचीत से समाधान का पक्षधर रहा है, लेकिन 11 फरवरी के हल्ला बोल प्रर्दशन में भी भारी पुलिसबल की तैनाती और शीर्ष नेतृत्व को हिरासत में लेकर तानाशाही का परिचय दिया, जो सरकार और उच्च अधिकारियों की तानाशाही को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि निदेशालय शिक्षा सदन पंचकूला ने आज ही एक तुगलकी फरमान जारी कर दो वर्ष पहले के पत्र को पुनः सशर्त जारी किया है।

**सार्वजनिक सूचना**

मै पतासी विधवा पोकरमल उर्फ पोहकर पुत्र श्योनाथ वासी मोसनौता तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरे आधार कार्ड में मेरे पति का नाम पोकरमल है जबकि रिवेन्यु रिकार्ड में पोहकर व मृत्यु प्रमाण पत्र में पोकर है। पोकरमल उर्फ पोहकर व पोकर तीनों एक ही व्यक्ति यानि मेरे पति के ही नाम हैं।

**सरपंच ग्राम पंचायत मूलौदी खण्ड नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 06.03.2026 को प्रातः 11 बजे आम स्थान जोहड पर ग्राम पंचायत मूलौदी के जोहड को मछली पालन हेतु 5 वर्षों के लिए पट्टे पर छोडा जाएगा। जिसके लिए निम्न शर्ते होगी। 1. यह कि सिक्योरटी राशि 5000 होगी। 2. पट्टा 5 वर्षो के लिए छोडा जाएगा। अन्य शर्ते मौके पर सुनाई जाएगी।

**सरपंच, ग्राम पंचायत मूलौदी**

**सार्वजनिक सूचना**

मै हनुमान दास शर्मा पुत्र कन्हैयालाल शर्मा मोहल्ला धोलियान नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरे पिता का देहान्त 30.05.2003 को हो चुका है। मेरी माता रूकमणी देवी का देहान्त भी 12.01.2014 को हो चुका है। उनके देहान्त के बाद उनके निम्न कानूनी वारिस है। 1. कैलाश चन्द शर्मा 2. हनुमान दास शर्मा 3. ओमप्रकाश शर्मा 4. निरंजन लाल शर्मा पुत्रान है। वहीं निरंजन लाल शर्मा का देहान्त 05.01.2026 को हो गया है। उनके निम्न कानूनी वारिस है। 1. शैला देवी पत्नी 2. राजकुमार शर्मा पुत्र 3. बिन्दु देवी पुत्री 4. ममता पुत्री 5. मिनाक्षी पुत्री है। इनके अलावा इनके और कोई कानूनी वारिस नही है। इस बाबत किसी को कोई एतराज है तो वह 30 दिन के अन्दर अपना एतराज नगर परिषद में जमा करवाएं। उक्त शप्थपत्र पूर्णतया सत्य है जिसकी सारी जिम्मेदारी मेरी है।

## खबर संक्षेप

### पोक्सो एक्ट में सहायक व्यक्ति के लिए आवेदन

**नारनौल।** जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय की ओर से पोक्सो एक्ट 2015 के तहत सहायक व्यक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक व्यक्ति दो मार्च तक पंजीकृत डाक के माध्यम से हुडा सेक्टर एक मकान नंबर 721 में स्थित जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। उपायुक्त मनोज कुमार ने बताया सहायक कर्मियों के पैनल में शामिल होने के लिए तीन महिलाओं व एक पुरुषों के लिए नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। समाज कार्य, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान या बाल विकास में स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त कोई भी व्यक्ति आवेदन कर सकता है।

*डीएमएफ से 253 लाख होंगे खर्च, माइंस अलॉट राशि का 10 फीसदी हिस्सा डीएमएफ में जमा करवाते हैं लीज होल्डर*

# नांगल चौधरी-निजामपुर ब्लॉक के माइंस प्रभावित 31 गांवों में विकास कार्यों का बजट आवंटित

**कमेटी की रिपोर्ट पर प्रभावित गांवों में एकत्रित बजट खर्च करने का प्रावधान**

■ खनन से नजदीक गांवों में बढ़ी ध्वनि, वायु और डस्ट प्रदुषण की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

बीते दिनों जिला उपायुक्त की अध्यक्षता में डीएमएफ कमेटी की बैठक हुई थी। उसमें तय निर्णय के हिसाब से माईंस से प्रभावित गांवों में विकास कार्यों का बजट आवंटित किया है। नांगल चौधरी-निजामपुर ब्लॉक के 31 गांव सलेक्ट किए गए, जिनमें 253 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। विभाग ने गांव वाइज आंवटित बजट राशि का पत्र बीडीपीओ को सौंप दिया है। आपको बता दें कि नांगल चौधरी-निजामपुर ब्लॉक में छह-सात माइंस संचालित हैं जिनमें ब्लास्टिग प्रक्रिया से पत्थर खनन होता है। खनन के दौरान नजदीकी गांवों में ध्वनि, वायु तथा डस्ट प्रदूषण की समस्या बढ़ गई। साथ ही किसानों की फसल, सड़क व अन्य सुविधाओं को नुकसान होता है। भरपाई के लिए सरकार ने जिला स्तर डीएएमएफ का प्रबंध किया है जिसमें लीज होल्डर को अलॉट राशि का 10 फीसदी बजट जमा कराना होता है। बजट राशि जिला माइनिंग अधिकारी के हैड में जमा कराने का प्रावधान है तथा खर्चे के लिए कमेटी का गठन किया है। कमेटी का चेयरमैन उपायुक्त और बतौर सदस्य सासंद, हलका विधायक, डीडीपीओ, फोरेस्ट विभाग व प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड को शामिल किया गया है। माईंस प्रभावित एरिया को विस्तृत करके 15 किलोमीटर निर्धारित कर दिया, जिनमें कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर बजट आवंटन किया गया है। माइनिंग अभियंता द्वारा जारी सूची में नांगल चौधरी-निजामपुर के 31 गांव प्रदूषण प्रभावित सलेक्टिड हुए हैं।

### बीडीपीओ को सौंपा आठ गांवों में विकास कार्यों का बजट

जिला माइनिंग अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि डीएमएफ में माइंस लीज राशि का 10 फीसदी हिस्सा जमा होता है। यह बजट कमेटी की रिपोर्ट पर माइंस से प्रभावित गांवों में विकास कार्यों पर खर्च करने का प्रावधान है। बीते दिनों आठ गांवों में विकास कार्यों का बजट बीडीपीओ को सौंप दिया। वंचित गांवों के लिए कमेटी की रिपोर्ट मिलने पर बजट दे दिया जाएगा।

### बिगोपुर में पांच लाख से होगा डिजिटल लाइब्रेरी का सौंदर्यीकरण

दनचोली को 10 लाख मिले हैं, यह बजट पार्क निर्माण पर खर्च होगा। गोठड़ी को 25 लाख मिलेंगे, जिससे सामुदायिक भवन निर्माण तथा लाईब्रेरी का प्रबंध किया जाएगा। सिरोही बहाली के लिए 15 लाख निर्धारित है जिससे एससी बस्ती से स्कूल तक रास्ते का पक्का निर्माण प्रस्तावित है। कारोली में 10 लाख से बोरवेल का प्रबंध किया जाएगा। छापड़ा बीबीपुर, आंतरी, बिहारीपुर, खातोली अहीर, बसीरपुर, सरेली गांव में छह-छह लाख से ट्रेक्टर खरीदे जाएंगे ताकि कूड़ा उठान की व्यवस्था हो सके। दौंखेरा व बखरीजा में पांच-पांच लाख से आरओ प्लांट का प्रबंध किया जाएगा। मूसनौता में पांच लाख से डिजीटल लाईब्रेरी खोली जाएगी। इस्लामपुरा में 10 लाख से पार्क में ट्रेक तथा जिम का सामान खरीदा जाएगा। पाचनौता में 15 लाख से पहाड़ पर पेयजल टंकी का निर्माण होना है। छापड़ा बीबीपुर में पांच लाख से हाईमास्क लाईटें, लूजोता में पांच लाख से डिजीटल लाईब्रेरी, जैनपुर में पांच लाख से हाईमास्क लाईटें, मौसमपुर में पांच लाख से डिजिटल लाईब्रेरी, रावता की ढाणी में छह लाख से खेल ग्राउंड की चारदीवारी का निर्माण कराया जाएगा। रोपड़ सराय में पांच लाख से व्ययायामशाला, कालबा में 10 लाख से नहर से जोहड़ तक पाईप लाईन दबाई जाएगी। मूसनोता गांव में 10 लाख से लिंक रास्तों का पक्का निर्माण होना है। भुंगारका में सात लाख से तालाब व जोहड़ का सौंदर्यकरण कराया जाएगा। टहला गांव में पांच लाख से हाल का निर्माण, घाटाशेर में पांच लाख से पार्क का निर्माण होगा। कोरियावास में 15 लाख से पीडब्ल्यूडी रोड से जोहड़ तक रास्ते का पक्का निर्माण होगा। बिगोपुर में पांच लाख से डिजिटल लाईब्रेरी तथा नेहरूनगर में पांच लाख पार्क का सौंदर्यकरण होगा। दौंगली में पांच लाख से डिजिटल लाईब्रेरी का निर्माण होना है।

## बीकेएन बहुतकनीकी संस्था की 30वीं वार्षिक खेल प्रतियोगिता आयोजित

# खेल जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास व नेतृत्व क्षमता का करते हैं विकास: सैनी

**बाबा खेतानाथ पॉलिटेक्निक में 30वीं वार्षिक एथलेटिक मीट आयोजित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में गुरुवार को 30वीं वार्षिक एथलेटिक मीट का समापन हो गया। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी थी। दो दिवसीय इस खेल महोत्सव में विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने उत्साह, अनुशासन और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। 5000 मीटर दौड़ (छात्र वर्ग) में हर्ष ने प्रथम, मनीष कुमार ने द्वितीय तथा शुभम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर दौड़ (छात्रा वर्ग) में परी यादव प्रथम, प्रीति द्वितीय और राजबाला तृतीय रही। डिस्कस थ्रो (छात्र वर्ग) में रवि दत्त प्रथम, अजय द्वितीय और दीपक कुमार तृतीय रहे, जबकि डिस्कस थ्रो (छात्रा वर्ग) में महक सैनी ने प्रथम, अंजलि ने द्वितीय तथा महक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लड़कों की 100 मीटर फाइनल दौड़ में अरशद खान ने प्रथम स्थान हासिल किया। युवराज द्वितीय तथा आदित्य पटेल तृतीय स्थान पर रहे। स्टाफ की 200 मीटर दौड़ में कपिल यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, अंजनी कुमार द्वितीय तथा शिवा खंडेलवाल तृतीय स्थान पर रहे। महिला स्टाफ की स्पून एंड लेमन रेस में पूजा यादव प्रथम, मोनिका रोहिल्ला द्वितीय और ज्योति तृतीय रही। स्टाफ और छात्रों की रस्साकसी में छात्रों ने विजय प्राप्त की, जबकि महिला स्टाफ और छात्राओं की रस्साकसी में महिला स्टाफ विजेता रही।



**नारनौल।** विजेता खिलाड़ियों को विक्ट्री स्टैंड पर सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*



**महेंद्रगढ़।** विजेता टीम को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### खेल सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण

समापन समारोह में मुख्य अतिथि कमलेश सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि खेल विद्यार्थियों के जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं तथा शिक्षा के साथ खेलों में भागीदारी भी आवश्यक है। संस्थान के प्रधानाचार्य इंजीनियर अनिल यादव ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। पूरे आयोजन को सफल बनाने में ऑफिसर इंचार्ज स्पोर्ट्स नरेश शर्मा व स्पोर्ट्स इंचार्ज मनोज यादव के नेतृत्व में संस्थान के सभी स्टाफ सदस्यों, वालंटियर विद्यार्थियों एवं समस्त छात्र-छात्राओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिसके परिणामस्वरूप कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### अंतर महाविद्यालय विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन

**महेंद्रगढ़।** राजकीय महाविद्यालय में विज्ञान सप्ताह के अंतर्गत अंतर महाविद्यालय विज्ञान प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि पूर्व जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य प्रो. डॉ. पूर्ण प्रभा, विशिष्ट अतिथि प्रो. महेंद्र सिंह, डॉ. सुधीर लांबा तथा महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. विजय यादव एवं प्रो. जितेंद्र कुमार वशिष्ठ द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय द्वारा एक नई पहल करते हुए आर्यभट्ट ट्रॉफी की शुरुआत भी की गई। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राजकीय महिला महाविद्यालय नारनौल की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और उन्हें आर्यभट्ट ट्रॉफी प्रदान की गई। यह ट्रॉफी रनिंग ट्रॉफी के रूप में स्थापित की गई है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक वर्ष विजेता टीम द्वारा अगले वर्ष इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान विषय के प्रति रुचि एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास करना है। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. जितेंद्र कुमार वशिष्ठ ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए भविष्य में भी ऐसे वैज्ञानिक आयोजनों को निरंतर आयोजित करने का आश्वासन दिया।

#### महिला कॉलेज नारनौल प्रथम

प्रश्नोत्तरी में क्विज मास्टर की भूमिका अश्विनी यादव ने सफलतापूर्वक निभाई। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका पूजा कुमारी, नीतू एवं अंशु यादव ने निभाई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राजकीय महिला महाविद्यालय नारनौल, द्वितीय स्थान राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़ तथा तृतीय स्थान राजकीय महिला महाविद्यालय महेंद्रगढ़ की टीम ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. अश्विनी यादव ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों, निर्णायकों एवं उपस्थित श्रोताओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

# कर्मचारी 13 को अभियंता कार्यालय का करेंगे घेराव



**महेंद्रगढ़।** बैठक को संबोधित करते कर्मचारी नेता। *फोटो : हरिभूमि*

■ ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ की सामान्य बैठक का आयोजन कार्यालय पार्क में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला चेयरमैन विनोद कुमार ने की और मंच संचालन ब्रांच प्रधान सुरेन्द्र फौजी ने किया। ब्रांच प्रधान सुरेन्द्र फौजी ने बताया कि बैठक का उद्देश्य मंडल कार्यालय में कर्मचारियों के डॉक्यूमेंट की कोई पैरवी नही करता है। आठ जनवरी को सतवीर पंप चालक ने सब डिवीजन से जीपीएफ निकलवाने का फॉर्म मंडल में भेजा था, जिसका आज तक अकाउंट में नही आया है, जबकी 19 फरवरी से बिल खजाना में पास हो रखा है, लेकिन कोई लाने वाला नही है। जबसे डिप्टी सुप्रीडेंट का चार्ज प्रमोद ने लिया है, हमारे कर्मचारियों के काम इसी प्रकार जान बूझकर दबा लेता है, जिसके लिए तीन मीटिंग में कार्यकारी अभियंता को भी 21 जुलाई को एक अक्टूबर और 27 अक्टूबर की बैठक में अवगत करा चुके है। आज तक संगठन को बातचीत का समय नहीं दिया है। जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है।

### ये रहे मौजूद

उन्होंने बताया कि बैठक में सर्व समिति से फैसला लिया गया है कि अगर 12 मार्च तक कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो संगठन को मजबूर होकर 13 मार्च को कार्यकारी अभियंता के कार्यालय का घेराव व रोष प्रदर्शन करेगा, जिसकी जिम्मेवारी पूर्ण रूप से कार्यकारी अभियंता की होगी। इस अवसर पर वीर सिंह डेरोली, अमित, मनोज, देवेंद्र सोनी, सन्नी, जगदीप, सुनेह, राजबीर, राजपाल ने संगठन में आस्था रखते हुए 41 यूनियन को छोड़कर 681 की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर रमेश बेरी, कुलदीप माजरा, सुरेशपाल पाली, रामकुमार, दिनेश, सत्यवीर, प्रवीण, जोगेंद्र, राजू आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# गांव खोड़ में बाबा हरीनाथ का वार्षिक मेला, 100 मीटर दौड़ में हिमांशु प्रथम

■ खेल प्रतियोगिताओं में युवाओं ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

अटेली क्षेत्र के गांव खोड़ में बाबा हरीनाथ महाराज का वार्षिक मेला धूमधाम से मनाया गया। मेले में मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार एवं शमशेर यादव उपस्थित रहे। हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा के मंदिर में माथा टेककर आशीर्वाद लिया और अपनी मनोकामनाएं मांगी। इस दौरान भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मेले के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन आकर्षण का केंद्र रहा। सुबह के सत्र में लड़के-लड़कियों की 100, 400, 800 और 1600 मीटर दौड़ कराई गई। 100 मीटर दौड़ में हिमांशु और पूनम, 400 मीटर में नकश और लावण्या, 800 मीटर में सुखबीर व 1600 मीटर में हेमंत व निशु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 21 हजार रुपये की कुश्ती पहलवान अंकुश और अरुण के बीच बराबरी पर छूटी, जिसे देखकर दर्शकों में खासा रोमांच रहा।



**मंडी अटेली।** खोड़ में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### जांगिड़ समाज ने दो राज्यसभा सीटों में से एक मांगी

**नारनौल।** जांगिड़ ब्राह्मण प्रादेशिक सभा हरियाणा की जिला महेंद्रगढ़ इकाई की ओर से पुल बाजार स्थित विश्वकर्मा मंदिर में ब्रह्म ऋषि अंगिरा जयंती की धूमधाम से मनाई गई। जयंती की अध्यक्षता जिला प्रधान अशोक पैकन जांगड़ा ने की। जिला अध्यक्ष जांगिड़ सभा ने ब्रह्म ऋषि अंगिरा के आदर्शों पर चलकर सामाजिक बुराइयों को दूर करने का आह्वान किया गया। जिला सभा के महामंत्री सीताराम जांगड़ा ने कहा जांगड़ा विश्वकर्मा समाज के आराध्य भगवान विश्वकर्मा ने सृष्टि के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। इस अवसर पर मंदिर कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र जांगड़ा, पूर्व प्रधान शिव चंद्र जांगड़ा, पूर्व प्रधान रोहतास नंबरदार, राजेश जांगड़ा, मुकेश जांगड़ा, राधेश्याम जांगड़ा, दुलीचंद जांगड़ा, सुरेंद्र जांगड़ा, प्रताप सिंह जांगड़ा, नरेश जांगड़ा, चंद्रशेखर जांगड़ा, प्रकाश जांगड़ा, अरुण जांगड़ा आदि मौजूद रहे।



**नारनौल।** पुल बाजार मंदिर में ब्रह्म ऋषि अंगिरा की जयंती मनाते हुए।

# होली पूजन और सत्यनारायण व्रत 2 को, धुलंडी पर्व 3 मार्च को: पुनीत शास्त्री

■ चंद्रग्रहण सिंह राशि व पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र के दूसरे चरण में घटित होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

आगामी तीन मार्च को फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि पर वर्ष का पहला चंद्रग्रहण लगेगा, जो भारत में दिखाई देगा। ज्योतिषाचार्य पुनीत शास्त्री के अनुसार यह चंद्रग्रहण सिंह राशि व पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र के दूसरे चरण में घटित होगा। धार्मिक दृष्टि से इसे विशेष महत्व का माना जा रहा है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार दो मार्च को होली पूजन व सत्यनारायण व्रत कथा का आयोजन किया जाएगा। महिलाओं के लिए शुभ चौघड़िया सुबह 6:15 से 8:15 बजे तक, अमृत चौघड़िया 9:44 से 11:11 बजे तक, अभिजीत मुहूर्त 12:15 से 1:01 बजे तक तथा लाभ अमृत चौघड़िया शाम 3:31 से 5:55 बजे तक रहेगा।

### चंद्रग्रहण से नौ घंटे पहले होगा होलिका दहन



उन्होंने बताया कि भद्रा काल दो मार्च शाम 5:55 बजे से तीन मार्च सुबह 5:32 बजे तक रहेगा। भद्रा समाप्त होने के बाद तीन मार्च प्रातः 5:32 से 6:20 बजे के बीच होलिका दहन किया जाएगा। इसी दिन तीन मार्च 2026 को धुलंडी का पर्व भी पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि चंद्रग्रहण का सूतक काल ग्रहण से लगभग नौ घंटे पहले, सुबह 6:20 बजे से प्रारंभ हो जाएगा। सूतक लगने से पहले दूध, दही, अचार और पानी जैसी खाद्य वस्तुओं में तुलसी पत्र या कुशा डालकर रखना शुभ माना जाता है। सूतक काल में मंदिरों के कपाट बंद रखने, मूर्तियों का स्पर्श न करने, नाखून न काटने तथा भोजन निद्रा से परहेज रखने की परंपरा है। ग्रहण का समय दोपहर बाद रहेगा। इस दौरान भगवान का स्मरण, मंत्र जाप और ध्यान को लाभकारी माना गया है। बालक, वृद्ध, रोगी व गर्भवती महिलाओं को आवश्यक भोजन या दवा लेने की छूट रहेगी।

# दुकानदारों का फिर अतिक्रमण रोडमैप तैयार, काटे जाएंगे चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

नगर पालिका प्रशासन की ओर से बीते समय चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान से प्रभावित हुए दुकानदारों द्वारा मिन्नत मांगने पर मौखिक रूप से 20 दिन पूर्व अधिकतम तीन फुट जगह सामान लोडिंग अनलोडिंग करते समय तथा ग्राहकों के बारिश व धूप से बचने के लिए छह फुट तक टीनशेड लगाने की अनुमति दी थी। जिस पर दुकानदारों ने राहत की सांस ली, लेकिन दुकानदार पुनः उसी स्थान पर आ डटे जहां पहले डटे रहते थे। बढ़ते अतिक्रमण के चलते सड़कों पर जाम लगना, पद यात्रियों को असुविधा होना सामान्य सी बात हो गई। जिसकी शिकायत नपा कार्यालय तक पहुंच गई।



डॉ. रिम्पी लोढ़ा, चेयरपर्सन नपा।

अब नपा प्रशासन की ओर से पूरी तैयारी के साथ अतिक्रमण हटाने का रोडमैप तैयार किया है। जिसके चलते शीघ्र ही उन दुकानदारों के चालान किए जाएंगे। नपा की ओर से कहा गया है कि दुकानदार दुकान के शटर तक ही अपना सामान रख सकते हैं। नपा प्रधान डॉ. रिम्पी लोढ़ा ने कहा कि अतिक्रमण के चलते आए दिन सड़क जाम होने की शिकायतें मिलती हैं।

## आरोपी नाबालिगों को चोरी के लिए पैसों व नशे का देता था लालच

# पुलिस ने सुलझाई गांव सुरानी में चोरी की गुत्थी, आरोपित गिरफ्तार

**आरोपी से चार सोने के कड़े, एक मंगलसूत्र,एक कंठी,एक झुमकी, आठ चांदी के सिक्के बरामद किए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

थाना सदर क्षेत्र के अंतर्गत गांव सुरानी में हुई मकान में चोरी की वारदात को त्वरित कार्रवाई करते हुए सुलझा लिया है। थाना सदर पुलिस ने इस मामले में आरोपित को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किए गए सोने व चांदी के आभूषण बरामद करने में बड़ी सफलता हासिल की है। डीएसपी भारत भूषण ने प्रेस वार्ता में बताया कि 21 फरवरी को गांव सुरानी निवासी किरोड़ीमल ने पुलिस को शिकायत दी थी कि सुबह से दोपहर के बीच जब वह उसके घर पर ताला लगाकर बाहर गए हुए थे, तब अज्ञात चोरों ने मकान का ताला तोड़कर घर के अंदर से भारी मात्रा में सोने के आभूषण चोरी कर लिए। इस शिकायत पर थाना सदर में भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने सक्रियता से सुराग जुटाए और ढाणी बाठोठा थाना नांगल चौधरी निवासी आरोपित दीवान सिंह को हिरासत में ले लिया। पुलिस की सघन पूछताछ के दौरान आरोपित की निशानदेही पर चोरी किए गए आभूषण बरामद कर लिए हैं। इस मामले की जांच में खुलासा हुआ कि आरोपित दीवान नाबालिग को चोरी करने के लिए भेजता था और चोरी के बदले में उसे पैसों व नशे का लालच देता था।



**नारनौल।** पुलिस गिरफ्त में आरोपित। *फोटो : हरिभूमि*

### आरोपित से यह आभूषण बरामद

मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित से चार सोने के कड़े, एक मंगलसूत्र टिक्का बड़ा, एक मंगलसूत्र टिक्का छोटा, एक कन्ठी सोना बिना चैन, एक झुमकी चैन सहित, एक झुमकी बिना चैन, एक जोड़ी टोपस सोना, एक जोड़ी कान का टोपस सोना, तीन चैन सोना, एक अंगूठी सोना जैन्ट्स, तीन अंगूठी सोना लेडिज, एक अंगूठी चांदी जैन्ट्स, पांच लौंग नाक की सोना, आठ सिक्के चांदी को बरामद किए हैं। इसके अतिरिक्त पुलिस ने आरोपित के पास से सात सोने की चूड़ियां, दो सोने की अंगूठी, दो जोड़ी सोने के टॉप्स, तीन सोने की लौंग, छह जोड़ी चांदी की पाजेब, एक पुरानी चांदी की अंगूठी, तीन चांदी के सिक्के बरामद किए गए हैं। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आरोपित अन्य किन चोरी की वारदातों में शामिल रहा है।